**बिहार सरकार**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग**

**E-mail** पत्रांक-6/प्र04-115/2024 1349 पटना, दिनांक- 9.7.24

प्रेषक,

नित्यानन्द प्रसाद,
संयुक्त सचिव (प्र०को०)।

सेवा में,

सचिव,
ग्रामीण विकास विभाग,
बिहार, पटना ।

पटना, दिनांक-

**विषयः** श्री राजीव कुमार माननीय स०वि०प० द्वारा पूछा जानेवाला तारांकित प्रश्न संख्या:-1/207/261 के संबंध में।

महाशय्

निदेशानुसार कहना है कि विषयांकित माननीय श्री राजीव कुमार माननीय स०वि०प० द्वारा पूछा जानेवाला तारांकित प्रश्न संख्या:-1/207/261 का विषयवस्तु शौचालय निर्माण से संबंधित है। विभागीय संकल्पसंख्या:-741 दिनांक:-01.06.2016 द्वारा स्वच्छता अधिष्ठापन से संबंधित योजनाओं का हस्तांतरण ग्रामीण विकास विभाग को किया जा चुका है।

अतः बिहार विधान परिषद से प्राप्त विषयांकित प्रश्न मूल रूप में संलग्न कर हस्तांतरित किया जा रहा है, जिस पर सम्प्रति कार्रवाई ग्रामीण विकास विभाग से अपेक्षित है।

उपर्युक्त की सूचना बिहार विधान परिषद सचिवालय को भी दी जा रही है।

अनुलग्नक यथोपरि।

विश्वासभाजन

नित्यानन्द प्रसाद
संयुक्त सचिव (प्र०को०)।

ज्ञापांक-6/वि04-115/2024 1349 पटना, दिनांक- 9.7.24

प्रतिलिपिः- अवर सचिव, बिहार विधान परिषद सचिवालय को सूचनार्थ प्रेषित।

नित्यानन्द प्रसाद
संयुक्त सचिव (प्र०को०)।

ज्ञापांक-6/वि04-115/2024 1349 पटना, दिनांक- 9.7.24

प्रतिलिपिः- प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा-07, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रषित।

नित्यानन्द प्रसाद
संयुक्त सचिव (प्र०को०)।

(6)

बिहार सरकार
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

संचिका सं0—पी0एच0/बि0ज0स्व0मि0—107/2016 741 दिनांक— 01/06/2016

संकल्प

विषयः बिहार के शौचालय विहीन परिवारों को लाभार्थी द्वारा घरेलू शौचालय का निर्माण एवं नियमित उपयोग हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से केन्द्र प्रायोजित योजना 'स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)' एवं राज्य योजना संपोषित योजना 'लोहिया स्वच्छता योजना' के कार्यान्वयन हेतु ग्रामीण विकास विभाग को हस्तांतरित किये जाने के संबंध में।

राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में खुले में शौच की आदत को समाप्त करने तथा स्वच्छता संबंधी व्यवहारों को अपनी आदतों में शामिल करने के उद्देश्य से केन्द्र प्रायोजित योजना स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) का क्रियान्वयन विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्याः पी.एच./बि.ज.स्व.मि.—1031/2014—1225 दिनांक 29.12.2014 (यथा पुनरीक्षित स्वीकृत्यादेश ज्ञापांकः पी.एच./बि.ज.स्व.मि.—1031/2014—367 दिनांक 08.03.2016) के द्वारा किया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के प्रावधानों के अंतर्गत सभी BPL परिवारों तथा चिन्हित श्रेणी के APL परिवारों यथा अनुसूचित जाति/जनजाति, बासभूमि के साथ भूमिहीन मजदूर, लघु एवं सीमांत किसान, महिला प्रधान और शारीरिक रूप से विकलांग को घरेलू शौचालय के उपयोग एवं हाथ धोने हेतु जल संधारण की व्यवस्था के साथ घरेलू शौचालय के निर्माण एवं इसके उपयोग के उपरान्त रू. 12000 (बारह हजार रूपये) प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के निर्धारित लक्ष्यों के अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों पर सामुदायिक स्वच्छता परिसरों (Community Sanitary Complexes) का निर्माण तथा समुदाय आधारित ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन (Solid Liquid Waste Management) परियोजनाओं का क्रियान्वयन किया जाता है।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के प्रावधान के अन्तर्गत चिन्हित श्रेणी के APL परिवारों के अलावे अन्य श्रेणी के APL परिवार, जिन्हें स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत लाभ नहीं दिया जाता हैं, को भी शौचालय निर्माण एवं इसके उपयोग करने के उपरांत रू. 12000 (बारह हजार रूपया) प्रोत्साहन राशि देने हेतु राज्य योजना मद से संपोषित 'लोहिया स्वच्छता योजना' की स्वीकृत विभागीय स्वीकृत्यादेश ज्ञापांकः पी.एच./बि.ज.स्व.मि.—102/2007—1191 दिनांक 05.12.2012 (यथा पुनरीक्षित स्वीकृत्यादेश ज्ञापांकः पी.एच./बि.ज.स्व.मि.—102/2007—363 दिनांक 08.03.2016) के द्वारा प्रदान की गई है।

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा—निर्देश पर वर्ष 2012—13 में ग्रामीण स्वच्छता की स्थिति के आकलन हेतु जिला जल एवं स्वच्छता समिति के माध्यम से आधारभूत पारिवारिक सर्वेक्षण कराये गये हैं, जिसके अनुसार ग्रामीण स्वच्छता की स्थिति अग्रतर वर्णित है—

| कुल ग्रामीण परिवार | शौचालय युक्त परिवार | शौचालय विहीन परिवार |
|---|---|---|
| 21399241 | 5332736 | 16064599 |

ह. आनंद

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (बिहार राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन) के प्रयास से 53,32,736 परिवारों[1] को वैयक्तिक पारिवारिक शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिसमें 39,49,859 परिवार गरीबी रेखा के नीचे और 13,82,877 परिवार गरीबी रेखा से ऊपर के हैं। उपरोक्त लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शेष 1,60,64,599 परिवारों के लिए स्वच्छता सुविधा उपलब्ध कराये जाने का लक्ष्य अवशेष है (जिलावार विवरण संलग्न: परिशिष्ट–1)।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)/लोहिया स्वच्छता योजना का कार्यान्वयन लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा कराया जाता है, जिसके लिए राज्य स्तर पर बिहार राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन गठित है। राज्य सरकार द्वारा सम्यक विचारोपरान्त बिहार के शौचालय विहीन परिवारों को लाभार्थी द्वारा घरेलू शौचालय का निर्माण एवं नियमित उपयोग हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से केन्द्र प्रायोजित योजना 'स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)' एवं राज्य योजना संपोषित योजना 'लोहिया स्वच्छता योजना' के कार्यान्वयन हेतु ग्रामीण विकास विभाग को हस्तांतरित किया जाता है।

उक्त आलोक में ग्रामीण स्वच्छता से संबंधित कराये जा रहे सभी कार्य सहित केन्द्र प्रायोजित योजना 'स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)' एवं राज्य योजना मद से संपोषित 'लोहिया स्वच्छता योजना' को कार्यान्वयन हेतु ग्रामीण विकास विभाग को हस्तांतरित की जाती है।

लोहिया स्वच्छता योजना के अंतर्गत राज्य स्तर पर राज्य समन्वयक का एक पद, सहायक राज्य समन्वयक का दो पद, कम्प्यूटर प्रोग्रामर का एक पद तथा क्षेत्रीय स्तर पर प्रखण्ड समन्वयक के 534 पद एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर के 60 पद सृजित है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत सभी जिलों में एक–एक जिला समन्वयक के पद संविदा के आधार पर प्रावधानित हैं।

योजना के कार्यान्वयन हेतु राज्य के सभी 38 जिलों में जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता समितियाँ गठित हैं। समिति के सदस्य सचिव कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल हैं और योजना के कार्यान्वयन में सहयोग प्रदान करने के लिए संविदा पर जिला समन्वयक, प्रखण्ड समन्वयक एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर कार्यरत हैं। जिला/प्रखण्डों में संविदा आधारित पदों के विरुद्ध 36 जिला समन्वयक 424 प्रखण्ड समन्वयक एवं 60 कम्प्यूटर ऑपरेटर कार्यरत हैं।

संकल्प निर्गत तिथि के 15 दिनों के अन्दर बिहार राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन के माध्यम से सभी 38 जिलों में गठित जिला जल एवं स्वच्छता समितियों को ग्रामीण स्वच्छता से संबंधित सभी दायित्व और कार्यक्रम/योजना यथा–स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना तथा कार्यक्रम/योजना की अवशेष राशि, देयता, लेखा अभिलेख एवं इनके तहत कार्यरत संविदा आधारित मानवबल सहित संबंधित संचिकाएं एवं अभिलेखों के साथ ग्रामीण विकास विभाग के जिला ग्रामीण विकास अभिकरण को हस्तांतरित कर दिया जायेगा। इसी प्रकार लोहिया स्वच्छता योजना अंतर्गत राज्य मुख्यालय स्तर पर सृजित सभी पद ग्रामीण विकास विभाग को हस्तांतरित किये जायेंगे।

[1] as on April, 2016 (http://sbm.gov.in)

संकल्प निर्गत तिथि से जिला जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य सचिव के रूप में अधिकतम 3 (तीन) माह तक कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग बने रहेंगे। इस अवधि में संबंधित कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल सदस्य सचिव का प्रभार जिला ग्रामीण विकास अभिकरण में पदस्थापित निदेशक, लेखा/निदेशक, राष्ट्रीय नियोजना कार्यक्रम (NEP) को हस्तांतरित कर देंगे।

ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा योजना के कार्यान्वयन हेतु वित्तीय एवं प्रशासनिक शक्तियां निर्धारित की जायेगी।

राज्य स्तर से स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना के सुचारु कार्यान्वयन में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा ग्रामीण विकास विभाग को आवश्यकतानुसार सहयोग व परामर्श दिया जायेगा।

इस पर दिनांकः 31.05.2016 को हुई राज्य मंत्रिपरिषद् की बैठक में स्वीकृति प्राप्त है।

आदेशः– आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशित किया जाय।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

(अंशुली आर्या)
प्रधान सचिव

ज्ञापांकः–पी.एच./बि.ज.स्व.मि.–107/2016– 741 पटना, दिनांकः– 01/06/2016
प्रतिलिपिः–अधीक्षक, राजकीय मुद्राणालय, गुलजारबाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुरोध है कि इस संकल्प को बिहार गजट के असाधारण अंक में प्रकाशित कर संकल्प की 500 प्रतियाँ लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को उपलब्ध करायी जाय।

(अंशुली आर्या)
प्रधान सचिव।

ज्ञापांकः–पी.एच./बि.ज.स्व.मि.–107/2016– 741 पटना, दिनांकः– 01/06/2016
प्रतिलिपिः– सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(अंशुली आर्या)
प्रधान सचिव।

ज्ञापांक.–पी.एच./बि.ज.स्व.मि.–107/2016– 741 पटना, दिनांकः 01/06/2016
प्रतिलिपिः–सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(अंशुली आर्या)
प्रधान सचिव।

(3)

ज्ञापांकः—पी.एच. / बि.ज.स्व.मि.—107 / 2016— 741 पटना, दिनांकः— 01/06/2016

प्रतिलिपिः— सभी जिला पदाधिकारी—सह—अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति / सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / सभी अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / सभी कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल—सह—सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(अंशुली आर्या)
प्रधान सचिव।

ज्ञापांकः—पी.एच. / बि.ज.स्व.मि.—107 / 2016— 741 पटना, दिनांकः— 01/06/2016

प्रतिलिपिः—मुख्यालय के सभी पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(अंशुली आर्या)
प्रधान सचिव।

ज्ञापांकः—बि.ज.स्व.मि. / सी.सी.डी.यू.—107 / 2016—741 पटना, दिनांक—01/06/2016

प्रतिलिपिः मुख्य सचिव, बिहार के विशेष कार्य पदाधिकारी / विकास आयुक्त, बिहार / माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

(अंशुली आर्या)
प्रधान सचिव

## Swachh Bharat Mission (Gramin) : Physical Detail

परिशिष्ट-3

| Sl | District | HH as per baseline | | | Progress of IHHL^ | | | Remaining IHHL | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | BPL | APL | Total | BPL | APL | Total | BPL | APL | Total |
| 1 | ARARIA | 396577 | 202016 | 598593 | 75198 | 5959 | 81157 | 321379 | 196057 | 517436 |
| 2 | ARWAL | 80238 | 63616 | 143854 | 32621 | 8565 | 41186 | 47617 | 55051 | 102668 |
| 3 | AURANGABAD | 263327 | 293694 | 557021 | 56225 | 17804 | 74029 | 207102 | 275890 | 482992 |
| 4 | BANKA | 221770 | 225459 | 447229 | 60339 | 29033 | 89372 | 161431 | 196426 | 357857 |
| 5 | BEGUSARAI | 279547 | 273855 | 553402 | 177573 | 35542 | 213115 | 101974 | 238313 | 340287 |
| 6 | BHAGALPUR | 323214 | 293763 | 616977 | 104975 | 31497 | 136472 | 218239 | 262266 | 480505 |
| 7 | BHOJPUR | 306387 | 281792 | 588179 | 92322 | 63481 | 155803 | 214065 | 218311 | 432376 |
| 8 | BUXAR | 185104 | 190296 | 375400 | 45455 | 45153 | 90608 | 139649 | 145143 | 284792 |
| 9 | DARBHANGA | 448891 | 417955 | 866846 | 156612 | 59170 | 215782 | 292279 | 358785 | 651064 |
| 10 | GAYA | 242624 | 119072 | 361696 | 122722 | 52559 | 175281 | 119902 | 66513 | 186415 |
| 11 | GOPALGANJ | 288455 | 283656 | 572111 | 73841 | 37603 | 111444 | 214614 | 246053 | 460667 |
| 12 | JAMUI | 205593 | 137585 | 343178 | 55022 | 19322 | 74344 | 150571 | 118263 | 268834 |
| 13 | JEHANABAD | 88499 | 103738 | 192237 | 35424 | 14096 | 49520 | 53075 | 89642 | 142717 |
| 14 | KAIMUR(BHABUA) | 232978 | 227268 | 460246 | 59660 | 22267 | 81927 | 173318 | 205001 | 378319 |
| 15 | KATIHAR | 295169 | 307286 | 602455 | 182531 | 47103 | 229634 | 112638 | 260183 | 372821 |
| 16 | KHAGARIA | 219035 | 163568 | 382603 | 70050 | 18568 | 88618 | 148985 | 145000 | 293985 |
| 17 | KISHANGANJ | 290009 | 84882 | 374891 | 83671 | 15281 | 98952 | 206338 | 69601 | 275939 |
| 18 | LAKHISARAI | 80647 | 121803 | 202450 | 45373 | 24010 | 69383 | 35274 | 97793 | 133067 |
| 19 | MADHEPURA | 297680 | 176857 | 474537 | 95289 | 29658 | 124947 | 202391 | 147199 | 349590 |
| 20 | MADHUBANI | 660417 | 324923 | 985340 | 81195 | 38935 | 120130 | 579222 | 285988 | 865210 |
| 21 | MUNGER | 138771 | 109372 | 248143 | 36276 | 9106 | 45382 | 102495 | 100266 | 202761 |
| 22 | MUZAFFARPUR | 434590 | 491466 | 926056 | 351454 | 64639 | 416093 | 83136 | 426827 | 509963 |
| 23 | NALANDA | 354603 | 355544 | 710147 | 86527 | 22622 | 109149 | 268076 | 332922 | 600998 |
| 24 | NAWADA | 126016 | 250675 | 376691 | 81624 | 19307 | 100931 | 44392 | 231368 | 275760 |
| 25 | PASHCHIM CHAMPARAN | 513196 | 372965 | 886161 | 149434 | 44417 | 193851 | 363762 | 328548 | 692310 |
| 26 | PATNA | 290046 | 396010 | 686056 | 177055 | 79199 | 256254 | 112991 | 316811 | 429802 |
| 27 | PURBA CHAMPARAN | 730917 | 369752 | 1100669 | 161845 | 30419 | 192264 | 569072 | 339333 | 908405 |
| 28 | PURNIA | 379308 | 286901 | 666209 | 146257 | 39150 | 185407 | 233051 | 247751 | 480802 |
| 29 | SAHARSA | 231111 | 149770 | 380881 | 90028 | 19899 | 109927 | 141083 | 129871 | 270954 |
| 30 | SAMASTIPUR | 509347 | 541807 | 1051154 | 169448 | 51896 | 221344 | 339899 | 489911 | 829810 |
| 31 | SARAN | 404587 | 414252 | 818839 | 136108 | 66612 | 202720 | 268479 | 347640 | 616119 |
| 32 | SASARAM(ROHTAS) | 311277 | 339875 | 651152 | 110378 | 80090 | 190468 | 200899 | 259785 | 460684 |
| 33 | SHEIKHPURA | 65125 | 64620 | 129745 | 24800 | 18547 | 43347 | 40325 | 46073 | 86398 |
| 34 | SHEOHAR | 85402 | 85467 | 170869 | 52005 | 16033 | 68038 | 33397 | 69434 | 102831 |
| 35 | SITAMARHI | 459468 | 348629 | 808097 | 71013 | 27483 | 98496 | 388455 | 321146 | 709601 |
| 36 | SIWAN | 305126 | 387475 | 692601 | 115720 | 59854 | 175574 | 189406 | 327621 | 517027 |
| 37 | SUPAUL | 347316 | 169909 | 517225 | 70319 | 15930 | 86249 | 276997 | 153979 | 430976 |
| 38 | VAISHALI | 518801 | 358594 | 877395 | 213470 | 102068 | 315538 | 305331 | 256526 | 561857 |
| | Total :- | 11611168 | 9786167 | 21397335 | 3949859 | 1382877 | 5332736 | 7661309 | 8403290 | 16064599 |

^ up to April 2016